Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 16-04-2023 अंक 542

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया सत्संग गोष्ठी का आयोजन



**अपेम लाइव : बरही**

ब्रह्म विद्या विहंगम योग द्वारा सत्संग गोष्ठी का आयोजन गया रोड निवासी राजू केशरी के निवास स्थान पर सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। जहां कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान सामूहिक, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञानगुदड़ी सामूहिक, स्वर्वेद पाठ कृष्णा गुप्ता, भजन पूनम मिश्रा, सिकंदर सिंह एवं सुनीता देवी, प्रवचन चंद्र मोहन मिश्रा, ध्यान सामूहिक, वंदना सामूहिक, ध्वजारोहण सामूहिक, आरती सामूहिक एवं शांति पाठ सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही मौके पर मौजूद सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने सत्संग में शामिल श्रद्धालुओं को ब्रह्म विद्या विहंगम योग के विशेषता को विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर कृष्णा गुप्ता, चंद्र मोहन मिश्रा, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, उपेंद्र पांडेय, पूनम देवी, मीनल कुमारी केशरी, सिकंदर सिंह एवं समुंद्री देवी सहित कई अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## ग्याहर हजार के बिजली तार के चपेट में मवेशी की गई जान

**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के बाराडीह पंचायत के बिल्साटांड में रविवार को सुबह ग्याहर हजार बिजली तार जमीन पर गिर जाने से एक मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार बता दे कि बिल्साटांड निवासी बलदेव महतो के मवेशी बातया जा रहा है.वही घटना की सूचना पाकर बाराडीह मुखिया सहदेब यादव पंचायत समिति मंजूर अंसारी,बबलू यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि कौलेश्वर यादव प्रयाग यादव सोनू यादव घटनास्थल पहुँचकर बिजली विभाग के वरीय अधिक.ारियों को घटना की सूचना दिया.इधर जेई रघुवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की सूचना है. एक मवेशी की मौत हुई हैं. विभागीय प्रावधान अनुरूप मुआवजा देने का आश्वासन दिया.

## कोयला लोड ट्रक को छोड़कर ड्राइवर फरार हुआ



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड के माखमार्गो चौक से कुछ दूरी पर एक अवैध कोयला लोड ट्रक ड्राइवर ने मौके पर ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। मिली सूचना के आधार पर बिरनी पुलिस पहुंची तो मौके पर कोयला लोड ट्रक खड़ी मिली परन्तु ड्राइवर सहित खलासी मौके से फरार मिला। पुलिस ने काफी खोजबीन किया परन्तु दोनों में से कोई नहीं मिला। वाहन संख्या जेएच 02 एजी 9158 है ।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि चालक शौच जाने का स्थान पूछ रहा था पास के खेत की तरफ जा रहा था ।

APEM LIVE

# वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित सभी लंबी दूरी के ट्रेन का बरही में हो ठहराव : मनोज यादव

## एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर आज भाजपा की ओर से बरही रेलवे स्टेशन में होगा धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही रेलवे स्टेशन पर वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित कराने को लेकर आज भाजपा बरही विधानसभा इकाई की ओर से बरही रेलवे स्टेशन पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का अयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रविवार को भाजपा कार्यालय में भाजपाइयों की बैठक हुई। जिसमे भाजपा के सभी इकाई से जुड़े लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद रहे। बैठक में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया की वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रैन पटना टू रांची और मधुपुर से रांची इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन जल्द ही बरही होते हुए रांची तक शुरू की जाएगी। जानकारी के मुताबिक 25 अप्रैल से इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगी। जिसको लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है । ट्रेन का परिचालन होने से झारखंड के लोगों को लाभ मिलेगा। लेकिन दुर्भाग्य कि बात है कि वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन एवं मधुपुर-रांची इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव बरही रेलवे स्टेशन पर नहीं किया गया है। जिससे बरही वासियों में काफी नाराजगी है। उन्होंने कहा की हर हालत में बरही में एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराना होगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की ट्रेनों का ठहराव बरही में सुनिश्चित कराने हेतु 17 अप्रैल को समय 11 बजे से बरही रेलवे स्टेशन परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन स्थानीय जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्वी और पश्चिमी, भारतीय जनता ओबीसी मोर्चा पूर्वी और पश्चिमी, भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा पूर्वी व पश्चिमी के नेतृत्व में आयोजित की जाएगी। इस एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहेंगे। मौक़े पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता,युवा नेता रितेश गुप्ता भाजपा युवा नेता कृष्णा यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, अरविन्द कुमार, दीपक भगत, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, युवा मण्डल अध्यक्ष रितेश केशरी, भाजपा एससी मोर्चा नागेश्वर रजक, सचिन यादव, ओबीसी मोर्चा मनोज कुमार साव, मि. थलेश कुमार श्रीवास्तव, निकेश यादव, राजदेव यादव, शिव शंकर प्रसाद, रामस्वरूप यादव, युवा भा. जपा नेता संजय यादव, युवा नेता रविंद्र यादव, मुकेश कुमार, रामस्वरूप यादव, गोवर्धन ठाकुर, शम्भू कुमार, सुनील यादव, रामकुमार प्रसाद, सुनील यादव, सुनील साहनी, राहुल निषाद, घनश्याम यादव, राजकुमार यादव, रणविजय यादव, सुजीत कुमार, संतोष कुमार, पंकज वर्णवाल, शिवा निषाद, मनितोष यादव सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहें।



बैठक में शामिल भाजपाई

# कुर्की जब्ती करने पहुंची पुलिस देख फरार अभियुक्त ने किया सरेंडर, भेजा गया जेल

## फरार अभियुक्त खुद करें सरेंडर, अन्यथा कुर्की जब्ती की की जाएगी कार्रवाई : नाजिर अख्तर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर के नेतृत्व में पुराने केसेज का निष्पादन त्वरित गति से की जा रही है। फरार अभियुक्तों के खिलाफ लगातार छापेमारी से लेकर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जा रहीं है। इसी कड़ी में रविवार को सीपी केस नंबर 470/16 के नामजद फरार अभियुक्त सिंहपुर ओरिया निवासी बबलू यादव पिता स्व सरयू यादव के विरुद्ध माननीय न्यायालय हजारीबाग से निर्गत कुर्की तमिला हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही,नजीर अख्तर के नेतृत्व में पु0नि0 सह थाना प्रभारी बरही ललित कुमार एवं थाना के पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार यादव,हिमांशु शेखर सिंह,किशोर कुमार दास एवं थाना सशस्त्र बल के साथ अभियुक्त के घर विधिवत कुर्की का तामिल हेतु पहुंचे ।अभियुक्त बबलू यादव घर से फिरार थे । जैसे ही घरवालों के द्वारा उनको सूचना दी गई। उसके उपरांत अभियुक्त बरही थाना में पहुंचकर पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। । ततश्चात अभियुक्त बबलू यादव को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे उपस्थापन हेतु भेज दिया गया। वही दूसरे मामले में मांडू थाना कांड संख्या 249/ 2008 जीआर 2295/2008 के अभियुक्त संजय सिंह पिता स्वर्गीय राधेश्याम सिंह ग्राम बरसोत थाना बरही जिला हजारीबाग के विरोध निर्गत कुर्की तमिला हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही,नजीर अख्तर के नेतृत्व में पु0नि0 सह थाना प्रभारी बरही ललित कुमार एवं थाना के पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार यादव,हिमांशु शेखर सिंह,किशोर कुमार दास, निरंजन सिंह एवं थाना सशस्त्र बल के साथ अभियुक्त के घर विधिवत कुर्की का तामिल हेतु पहुंचे तो घर पर उपस्थित अभियुक्त संजय कुमार सिंह की पत्नी के द्वारा माननीय न्यायालय रामगढ़ कोर्ट से निर्गत जमानत का रिकॉल प्रस्तुत किया गया। ततश्चात अग्रिम कार्रवाई हेतु कुर्की को वापस भेजा गया।



कुकह्न का तामिला कराते एसडीपीओ नाजिर अख्तर



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जमीन विवाद को लेकर धरना पर बैठे लोगों को राजश्व कर्मचारी ने रात के अंधेरे में जबरन उठाकर घर भेजा

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी, प्रखण्ड कार्यालय परिषर में बीते शनिवार से खैरिडीह पंचयात के शितलटोला निवासी अशोक वर्मा का परिवार जमीन विवाद में न्याय नहीं मिलने के कारण अनिश्चितकालीन धरना पर बैठा था परन्तु शनिवार रात राजस्व कर्मच. ारी इंद्रदेव पंडित ने धरना पर बैठे परिवार को जबरदस्ती धरना समाप्त करने के लिए बाध्य किया। आधी रात को कर्मचारी श्री पण्डित ने कार लेकर आया एवं जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर उन्हें घर पहुंचा दिया। नहीं बैठने पर काम नहीं करने का धमकी देते हुए कहा जो भी काम हुआ है वह भी नहीं होगा। धरना पर बैठे परिवार ने रविवार सुबह थाना में आवेदन देकर कर्मचारी इंद्रदेव पण्डित पर धरना में खलल पैदा करने का आरोप लगाया है। ओर इस मामले में संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने आवेदक परिवार की सुरक्षा के चौकीदार को नियुक्त किया है। क्या है मामलारू खैरीडीह पंचायत के गोरडीह निवासी अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि मौजा शितलटोला में मेरे पूर्वज हीरो महतो, जगु महतो , टोकन महतो , डेगो महतो समेत अन्य लोगो को भूतपूर्व जमींदार टिकैत खगेन्द्र नारायण सिंह से सन 1945 में हुक्मनामा से अलग अलग खाता प्लोट में 2 एकड़ 61 डिसमिल जमीन दिया था। लेकिन मेरे प्रतिवादी बंशी महतो वगेरह के द्वारा फर्जी कागजात दिखाकर बल पूर्वक कब्जा किया जा रहा है ।जिसे लेकर अंचल कार्यालय में 29 जुलाई 2022 व 10 अक्टूबर 2022 को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। परन्तू आज तक कोई कारवाही नहीं होने के कारण मजबूरन अनिश्चित कालीन धरना पर बैठना पड़ा।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व विधायक ने सिरमा में मृतक आत्मा को दिया श्रद्धांजली

### आरवीएसएस के पदाधिकारी विजय व कामदेव राणा के मृतक पिता के श्रद्धांजलि सभा मे उमड़ा राणा समाज





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

राणा विश्वकर्मा सेवा समिति के केंद्रीय सचिव कामदेव राणा व केन्दीय मीडिया प्रभारी विजय राणा के स्वर्गीय पिता को श्रद्धांजलि देने के लिए सभा का आयोजन किया गया। चौय विश्वकर्मा समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव श्रद्धाजंलि देने सिरमा पहुँचे। मृतक आत्म की शांति के लिए सबने मौन रखा। सभा को सम्बो. धित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि जीवन मे मरना जीना लगा होता है लेकिन कामदेव राणा व विजय राणा के मृतक पिता ने जरूर पुण्य के काम किये होंगे जो आप उनके श्रद्धाजंलि देने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है। कहा हमे अब दुख से उबर कर अपने दैनिक दिनचर्या में लग जाना है। पूर्व विधायक ने कामना किया कि मृतक आत्मा की कृपा सदैव विजय राणा के परिवार वालो पर बनी रहे। मौके पर चौपारण प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा चौय विश्वकर्मा समाज के सचिव डोमन राणा, कोषाध्यक्ष भीखन राणा, समाज के युगल राणा, केदार राणा, नाथो राणा, मुकेश राणा, शंकर राणा, सुभाष राणा, अवध राणा, आरवीएसएस नेता गोपाल राणा, प्रमोद राणा, सीकेन्द्र राणा, आदि मुनेश्वर राणा, रामेश्वर राणा, कोडरमा जिला अध्यक्ष सुभाष राणा, सीकेन्द्र राणा, राजू राणा, बंसत राणा, महाबीर राणा, बिनोद राणा, बालेश्वर राणा, प्रकाश राणा, विजय राणा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल पुरहरा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, रिपोर्ट कार्ड वितरित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रिपोर्ट कार्ड वितरित करते प्राचार्य नंदलाल कुमार

बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के पुरहरा में संचालित चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल में रविवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जहां परीक्षा में बेहतर परिणाम पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। कक्षा एक से प्रथम स्थान ऋषि कुमार, द्वितीय स्थान हसन अंसारी एवं तृतीय स्थान वर्षा कुमारी, कक्षा दूसरा में प्रथम स्थान सुलोचना कुमारी, द्वितीय स्थान विक्की प्रजापति एवं तृतीय स्थान नंदनी कुमारी, कक्षा तीसरा में प्रथम स्थान सुनैना कुमारी, द्वितीय स्थान शिवम कुमार एवं तृतीय स्थान शुभम कुमार, कक्षा चौथा में प्रथम स्थान कुंदन प्रजापति, द्वितीय स्थान सोनू कुमार एवं तृतीय स्थान रौशनी खनारी, कक्षा छठा में प्रथम स्थान विनय यादव, द्वितीय स्थान सुधीर कुमार एवं सुजीत शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी को रिपोर्ट कार्ड वित. रित किया गया। सभी छात्र परीक्षा का परिणाम पाकर काफी उत्सुक दिखे। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदलाल कुमार ने सभी छात्र – छात्राओं के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की।मौके पर शिक्षक राजेश कुमार, अभिषेक कुमार, रवि कुमार, विकास कुमार, अनिता कुमारी, संदीप कुमार, नीतू कुमारी, काजल कुमारी एवं अभिभावकों में महेश शर्मा, पचु साव, गांगो यादव, सोबरन साव, शंभू शर्मा, सोनू शर्मा, विनोद शर्मा, भोला सोनी, कांति देवी, सोहवा देवी, सुनीता देवी, उषा देवी एवं भुनेश्वरी देवी समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## जीप सदस्यों की हुई बैठक में किशुन यादव ने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग जिला परिषद कार्यालय सभागार में बैठक का आयोजन जीप अध्यक्ष उमेश मेहता के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं उप विकासआयुक्त प्रेरणा दीक्षित समेत जिला के जीप सदस्य शामिल हुए। सभी ने बारी – बारी से अपने क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराया। वहीं बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने क्षेत्र के समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा की श्रीनगर में बिजली का तार काफी जर्जर हो गया है इसे तत्काल बदला जाए। रानीचूवा के तुरीटोला में खराब पड़ा ट्रांसफार्मर दो दिन के भीतर बदला जाए और साथ ही जितने भी बिजली के तार में लकड़ी का खंभा इस्तेमाल किया गया है उसे भी जल्द बदलने की मांग, पेयजल स्वच्छता पदाधिकारी से पेयजल आपूर्ति जल्द पूर्ति करने की मांग, बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस जल्द चालू करने की मांग एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी से मांग किया गया की रानी. चुवा पंचायत के ग्राम जीतपुर से धोबघट होते हुए परसातरी तक सड़क मरम्मती का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की मांग की है।







सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बोकारो स्टील सिटी में चाणक्य आईएएस एकेडमी की ओर से किया गया सेमिनार का आयोजन

### बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने लिया सेमिनार में हिस्सा, कहा – ऐसे सेमिनार से बढ़ता है खुद का आत्मविश्वास





**अपेम लाइव : बोकारा**

बोकारो। सिविल सेवा में सफलता हासिल करने के लिए आवश्यक है कि आप दृढ़ संकल्पित हों। आपमें जज्बा, जुनुन के साथ साथ सही दिशा की पहचान होनी चाहिए। जब आपमें इन खूबियों का समावेश हो जाता है तो कामयाबी भी आपकी ओर चलकर आने लगती है। उक्त बातें चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 4/डी स्थित महा. मिलन ऑडिटोरियम में रविवार को आयोजित कैरियर सेमीनार के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने आंतरिक शक्तियों को उजागर कर बड़ी से बड़ी सफलता हासिल कर सकता है। मौजूद अभ्यर्थियों से मुखातिब होते हुए उन्होंने यह भी कहा कि आप सभी में कुछ कर गुजरने की अपार शक्ति है, जरूरत है उसे पहचानने एवं लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सत्य है कि सिविल सेवा जैसी परीक्षा की तैयारी के लिए सही दिशा में नियमित परिश्रम, समय का सदुपयोग और दृढ संकल्प के साथ समय समय पर उचित मार्गदर्शन बहुत जरूरी है। मौके पर मौजूद चाणक्य आईएएस एकेडमी के झारखंड प्रभारी अनुराग मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति स्वयं में समर्पण की भावना जगाने की आवश्यकता है, तभी लक्ष्य प्राप्ति का मार्ग आसान होगा। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी चाणक्य आईएएस एकेडमी जैसे देश के प्रसिद्ध संस्थान, जिनकी देश भर में 24 शाखाएं व झारखंड में रांची, हजारीबाग व धनबाद समेत तीन शाखाएं संचालित है और संस्थान के झारखंड स्थित सभी तीन शाखाओं में राजधानी दिल्ली जैसी स्मार्ट क्लास, अत्याधुनिक लाइब्रेरी, डाउट क्लियरेंस क्लासेस, विषय विशेषज्ञ की कक्षाएं समेत तमाम आधुनिक और ज़रूरी सु. विधाएं मुहैया कराई जा रही है, जिससे झारखंड के अभ्यर्थी भी यूपीएससी और जेपीएससी जैसी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे सके। मौके पर चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा के ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार ने चाणक्य आईएएस एकेडमी में यूपीएससी व जेपीएससी से संबंधित चलाए जा रहे सभी कोर्सो और उसकी अहमियत से अभ्यर्थियों को वाकिफ कराया। बताते चलें कि बीते 30 वर्षो के दौरान चाणक्य आईएएस एकेडमी से तैयारी करने के बाद 5 हजार से भी अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर आईएएस, आ. ईपीएस, आईएफएस, स्टेट पीसीएस समेत अन्य जगहों पर रहकर देश सेवा में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मौके पर चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, झारखंड प्रभारी अनुराग मिश्रा, हजारीबाग ब्रांच मै. नेजर अवधेश कुमार के अलावा संस्थान की स्मिता भारती, चास क०लेज चास के सेवानिवृत्त प्राचार्य पीएल बर्णवाल, विस्थापित कॉलेज बालीडीह के वाणिज्य प्राध्यापक राजकुमार सिंह, विस्थापित क०लेज बालीडीह के भौतिकी प्राध्यापक एसके सिंह समेत बड़ी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।




## जेल अदालत सह विधिक जागरूकता का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : मंडलकारा लातेहार में रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस आयोजन में मुख्य अतिथि अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शशिभूषण शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाती विजय उपाध्याय, राजेश यादव डीप्टी चीफ एलएडीसी लातेहार तथा दीपक कुमार मिश्रा सहायक एलएडीसी उपस्थित हुए।इस अवसर पर एसीजेएम श्री शर्मा ने कैदियों को बंदी के रूप में प्राप्त अधिकारों एवं जिला विधिक सेवा के द्वारा प्रदत्त लाभ के संबंध में विशेष जानकारिय० दी। साथ ही उन्हें कानूनी रूप से जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।साथ हीं प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों का लाभ उठाने तथा एलएडीसी के कर्यो के बारे में विस्तार से बताया गया । राजेश यादव ने कैदियों को अपने मुकदमें की जानकारी, गिरफ्तारी की तिथि, वाद संख्या की जानकारी एवं अपने उपर लगे आरोप की जानकारी रखने के लिए जागरूक किया। दीपक कुमार मिश्रा ने कैदियों के बीच जेल की सुधारात्मक अवधारणा के बारे में जानकारी दी तथा कैदियों को यह० से निकलने के बाद समाज की मुख्यधारा में जुड़ने का आग्रह किया।इस जेल अदालत में दो मामले का निष्पादन हेतु बंदियो द्वारा आवेदन दिया गया जिसमें से एक मामले का निष्पादन किया गया।वहीँ जेल प्रशासन एवं कार्यरत पीएलभी को झालसा कैलेण्डर के अनुसार हर माह लगने वाले जेल अदालत के लिए मामले को चिन्हित करने तथा कैदियों के बीच सूचना प्रसारित करने का निर्देश दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी जेलर धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया।मौके पर मंडल कारा, लातेहार के जेल कर्मी संगीत कुमार, महेश कुमार एवं व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंडर 16 अंतर जिला क्रिकेट का उद्घाटन संपन्न

### उद्घाटन मैच रांची तथा गुमला के बीच खेला गया

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 क्रिकेट लीग का उद्घाटन जिला खेल स्टेडियम लातेहार में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक बैद्धनाथ राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया ।वही उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला के क्रिकेट खिलाड़ी मेहनत करे , आगे बढ़े और जिला तथा राज्य का नाम रौशन करें । अभी क्रिकेट का क्रेज काफी बढ़ा है । सुदूरवर्ती इलाको में भी क्रिकेट देखने को मिल रहा है । कहा कि जिला क्रिकेट संघ तथा खिलाड़ियों का मेहनत का परिणाम है कि रणधीर वर्मा ट्र०फी लातेहार जीता । इस खेल को और बढ़ावा मिले , यहां के खिलाड़ी राज्य स्तर पर बेहतर करे इसके लिए बहुत जल्द ही इस स्टेडियम के अलावे एक और स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा । जिससे यहां के खिलाड़ियों को दिक्कत नही होगी । रंधीर वर्मा ट्रॉफी के विजेता टीम के खिलाड़ियों तथा संघ के सभी पदाधिकारियों को हौसला अफजाई किया वही संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह को विशेष मेहनत एवं कार्य के लिए बुके देकर सम्मानित किया । मौके पर जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी ने में कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेल का बेहतर प्रदर्शन कर अपने जिला का नाम रौशन करें । खेल के क्षेत्र में लातेहार जिला क्रिकेट संघ बेहतर कार्य कर रहा है । नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेल को खेलने तथा खेल के माध्यम से आगे बढ़ने की नसीहत दी । जेएससीए के लैजनर सह गुमला के सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि क्रिकेट के क्षेत्र में लातेहार बेहतर कार्य कर रहा है । जेएससीए द्वारा जो भी दायित्व लातेहार जिला क्रिकेट संघ को मिलता है उसे बेहतर निभाता है । संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, जीप सदस्य विनोद उरांव तथा भाजपा नेता रामदेव सिंह ने अपने बातो को रखते हुए खिलाड़ियों को बेहतर खेलने की नसीहत दी। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया । वही धन्यवाद ज्ञापन दिशा के सदस्य रामदेव सिंह ने किया । मौके पर संघ के सुरेंद्र प्रसाद , नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, शैलेश कुमार, लाल आशीष नाथ शहदेव , अश्विनी सिंह, अंकित पांडेय आनंद सिंह , प्रमोद प्रसाद, संतोष पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ के जोबर में झामुमो पंचायत कमेटी का गठन, टेकामन बने अध्यक्ष

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



प्रखंड के जोबर में रविवार को झामुमो की जोबर पंचायत कमेटी के गठन को लेकर बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह संयोजक मंडली के अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने किया। संचालन बासुदेव साव ने किया। बैठक में पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर कई मामलों पर विचार–विमर्श किया गया। जिसमें सभी लोगों ने अपनी–अपनी राय रखी। इस उपरांत जोबर पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष टेक. ामन महतो, उपाध्यक्ष मोहन कुमार महतो, पंचायत संगठन सचिव जीवाधन महतो व बसंत कुमार महतो, संयुक्त सचिव महेंद्र महतो व छोटेलाल सोरेन, कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार महतो मनोनीत किये गए। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में चंद्रशेखर महतो, अभिजीत कुमार, डेगलाल महतो, बासुदेव साव, अजय कुमार मंडल, सुखदेव महतो, गुरुदेव प्रसाद, अमरदीप चौधरी का मनोनयन किया गया। नव मनोनीत पदाधिकारियों को पंचायत में पार्टी के सिद्धांत एवं विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने तथा जनसमस्याओं को दूर करने की बात कही गई। बैठक में उगन महतो, डेगलाल महतो, मोहन महतो, छोटेलाल सोरेन, सुंदर महतो, बसंत महतो, अजय कुमार, महेंद्र महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## देश की आत्मा है संविधान : महादेव राम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा भीम आर्मी प्रखंड इकाई के द्वारा बाबा साहब की 132 वीं जयंती प्रखंड परिसर में मनाया गया । प्रखंड परिसर सभा स्थल से बड़ी संख्या में ला. ेगों ने जुलूस निकालकर बरकट्ठा के मुख्य मार्ग में घुमा जय भीम का नारा से सड़के गुंजयमान हो रही थी कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद दास ने की संचालन गणेश दास ने किया । गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि देश में आरक्षण की व्यवस्था जो बाबा साहब ने किया है उस आरक्षण को समाप्त करने की बात हो रही है देश के नौजवानों को आरक्षण बचाने के लिए एक मंच पर आना होगा। सभा को कोडरमा जिप सदस्य महादेव राम ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज संविधान खतरे में है जिस संविधान को बाबा साहब ने कठिन परिश्रम से तैयार किया उस संविधान की आत्मा की कमजोर करने की कोशिश हो रही है जबकि संविधान देश की आत्मा होती है सभा को जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, डॉ प्रकाश कुमार 20 सूत्री चेयरमैन प्रकाश प्रसाद मंडल, हरिलाल मंडल ने भी सम्बोधित किया । मौके पर रवि पासवान, विकास पासवान, लखन दास, धनेश्वर दास, द्वारिका पा. सवान, सकलदेव पासवान, जमुना साव, रीतलाल प्रसाद, गोपी प्रसाद, संजय पासवान, छोटी दास, मनोज दास, पितांबर दास, संजय दास, सुजीत पासवान, शेर मोहम्मद , मुकेश दास, अनुज पासवान, शंकर रविदास, वचनदेव रविदास, नारायण दास ने भी सभा को संबोधित किया समापन भाषण पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि कलीम खान ने किया इस मौके पर विश्वनाथ दास,अनिल दास,विजय दास,चिंता देवी,किशोर दास, किशोर पासवान, आरती देवी,बिंदी देवी, सुखारी रविदास, रवि पासवान, कोमल पासवान, अशोक पासवान, कैलाश दास, कुलदीप दास, लोकन पासवान, गफ्फार खान, शांति देवी, आकाश पासवान, जयराज पासवान,संतोष दास,नारायण दास,सोहन दास, सुंदर दास समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे धन्यवाद ज्ञापन भीम आर्मी प्रखंड सचिव अर्जुन तुरी ने किया।

## विधायक ने बड़कागांव डाड़ी मोड़ से सिंदवारी तक 04 किलोमीटर पथ मरम्मति कार्य का किया शिलान्यास

### क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा है : अंबा प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के बड़कागांव डाड़ी मोड़ से सिंदवारी तक 04 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया गया।डाड़ी मे आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ढोल बाजे के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया तत्पश्चात पूजन के बाद विधायक अंबा प्रसाद ने शिलान्यास कियाद्य इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा है पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगाद्य अंबा प्रसाद ने संबंधित विभाग के अधिकारी और कार्य कर रहे विभाग व संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कहीद्यमौके पर मुख्य रूप से प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम, पंकज कुमार, मोहम्मद शमशेर, पदुम साव, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद रियासत, मो. हम्मद अनवर, मोहम्मद मकसूद, कुलेश्वर राम, मो. हम्मद फयुम, मोहम्मद जमाल, जोगेश्वर कुमार, रवि कुमार मोहम्मद रफुल, राजेश रजक समेत सैकड़ों महिला–पुरुष मौजूद थे।

## अंडर 16 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में रांची ने गुमला को 48 रन से हराया

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : अंडर 16 क्रिकेट लीग के उद्घाटन मैच में रांची ने गुमला को 48 रनो से पराजित किया । जहां रांची ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 47वे ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 143 रन ही बना पाई । जिसमे समीर अंसारी 34 तथा प्रिंस राज ने 16 रन का योगदान दिया । गुमला की ओर से मनीष ठाकुर, राहुल प्रसाद, अशिषण कुमार तथा आशीष कुमार ने दो दो विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी गुमला ने 31वे ओवर में 95 रन बनाकर पूरी टीम ढेर हो गई । जिसमे आयुष राज ने 14रन का योगदान दिया । रांची की ओर से ईशान ओम ने 10 ओवर में 17 रन देकर 5 विकेट तथा अमित उरांव ने 7.1 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट चटकाए । मैन अ०फ द मैच रांची के ईशान ओम को गुमला सचिव जितेंद्र कुमार द्वारा पुरस्कार दिया गया । मैच पर्यवेक्षक मो सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे । जबकि स्कोरर दीपक सेठी थे । मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह , लाल आशीष नाथ सहदेव समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे ।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## बीडीओ ने दलांगी पँचायत में चल रहे मनरेगा योजना का किया निरीक्षण, भारी गड़बड़ी उजागर

**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत दलांगी में मनरेगा योजना में जेसीबी से कार्य करने की रोजगार सेवक ने किया पुष्टि, बीडीओ ने बीपीओ को रिकवरी के साथ साथ भुगतान पर रोक लगाने का दिया निर्देश , पूर्व से बना गड़हा तालाब के भिंड की मिट्टी काटकर दूसरे तरफ से मिट्टी लगाकर बना दिया गया है तालाब ।। बीडीओ के जांच के बाद अपनी करतूत को छुपाने के नियत से उतावला हुवा रा. जगार सेवक ने बीडीओ के सामने पत्रकारों पर लगाया पैसे मांगने व जान से मारने का आरोप । बिरनी रु बिरनी बीडीओ सुनिल वर्मा ने रविवार को दलांगी पँचायत में चल रहे मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बिरनी बीडीओ को मनरेगा योजना में भारी गड़बड़ी उजागर हुआ है । बीडीओ ने दलांगी पँचायत के खुतेजा खातून के जमीन पर 6060 10 डोभा निर्माण में पाया कि डोभा की खुदाई पूरी कर लिया गया है 22 हजार रुपये





की निकासी की गई है । लेकिन योजना स्थल पर देखने के बाद स्पस्ट पता चलता है कि 3 तरफ से भिंड को काटकर एक तरफ मिट्टी लगाकर डोभा निर्माण पूरा कर लिया गया है । दूसरी योजना फिरोज अंसारी के जमीन पर 909010 तालाब निर्माण 4 लाख 93 हज़ार से किया जाना था जिसमे जेसीबी मशीन की खुदाई करने की पुष्टि हुई तो मौके पर उपस्थित रोजगार सेवक लतीफ अंसारी ने कहा कि उस योजना का जीओ टेग या भुगतान नही किया गया है । तीसरी योजना बेहराबाद के अंधारी में असलम अंसारी के जमीन पर 808010 तालाब निर्माण की स्वीकृति 2018-019 में दिया गया था इस योजना में तालाब की खुदाई वर्षो पूर्व जेसीबी मशीन से कर ली गयी थी । इस योजना के बारे में रोजगार सेवक ने बताया कि इसमें 11 हज़ार 88 रु का भुगतान किया गया है लेकिन जेसीबी मशीन से खुदाई करने के कारण भुगतान पर रोक लगाया गया है । बीडीओ ने रोजगार सेवक से कहा कि अब तक योजना को बन्द करते हुए राशि की रिकवरी क्यो नही की गई है । अवि. बल्बम राशि की रिकवरी करते हुए योजना को बंद करे अन्यथा रोजगार सेवक़ पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा । चौथी योजना नसीमा खातून के जमीन पर 808010 तालाब निर्माण वर्ष 022-23 प्राक्कलित राशि 3 लाख 38 हजार रुपये की लागत से किया जाना था लेकिन इस योजना को एक तरफ से मिट्टी को काटकर तीन तरफ से घेरकर तालाब को लगभग पूर्ण कर लिया गया है । पांचवी योजना ललका गढ़ा में 808010 तालाब निर्माण की खुदाई बाहरी मजदूरों को लगाकर योजना को पूर्ण कर लिया गया है । योजना स्थल को देखने से स्पस्ट पता चलता है तालाब की खुदाई 2 फिट से ज्यादा नही हुई है और खुदाई मिट्टी को 3 तरफ से मिट्टी लगाकर तालाब को पूरा करने का प्रयास किया गया । इस योजना में योजना के लाभुक से बीडीओ के पूछने पर बताया कि बाहरी मजदूर पड़रिया में काम कर रहा था वही से मजदूर को लेकर इस योजना में कार्य को करवा रहे है । इस पर बीडीओ ने बीपीओ फरीदुल अंसारी को मनरेगा नियम के तहत कार्य नही करने को लेकर भुगतान पर रोक लगाने का निर्देश दिया है । किसी भी तालाब या डोभा में नही छोड़ा गया है सखिया टील्हा रु बतादे की दलांगी पँचायत में जितना भी डोभा या तालाब का निर्माण किया गया है मापी के दृश्टिकोण से किसी भी डोभा तालाब में सखिया टिल्हा को नही छोड़ा गया है ताकि गढ़े में कार्य का पता नही चल सके । बरसात में पीछे डेट से की जाती है एमबी बुक रु बतादे की जैसे तैसे तालाब या डोभा का निर्माण सम्बंधित अधिकारिओ के द्वारा कर लिया जाता है जब जांच होती है तो बताया जाता है कि अभी एमबी नही होने के कारण भुगतान पूरा नही हुवा है । जब किसी तरह की शिकायत कही से नही मिलता है तो बरसात में पीछे के डेट से एमबी बुक कर राशि की निकासी कर लिया जाता है । बरसात के बाद जब जांच होती है तो बता दिया जाता है कि बरसात के कारण मिट्टी भर गया है और जेई व बिभागीय कर्मी आराम से बच निकलते है । बीडीओ के जांच के दौरान उतावला हुआ रोजगार सेवक ने पत्रकारों पर लगाया पैसे मागने व जान से मारने की आरोप . थोड़ी देर बाद पत्रकारों से जताया खेद रु बीडीओ सुनील वर्मा के द्वारा जांच के दौरान रोजगार सेवक लतीफ अंसारी ने बीडीओ के सामने सभी पत्रकारों पर पैसा मांगने व जान से मारने का आरोप लगाया लेकिन थोड़ी ही देर के बाद लगाए गए आरोप पर खेद ब्यक्त किया और कहा कि बीडीओ के जांच के कारण इस तरह का आरोप लगाए है ।

## गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बनाए गए ओमप्रकाश चौबे

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

श्री बंशीधर नगर : गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बनाए जाने पर ओमप्रकाश चौबे ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, गढ़वा जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह,जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को



जिला में जिला महासचिव के पद पर जिम्मेवारी दी गई हैं। उसे मैं जिम्मेवारी पूर्वक निभाएंगे जिला कांग्रेस कमेटी को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। तथा उनके विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे ओमप्रकाश चौबे को जिला महासचिव बनने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने बधाई दिया बधाई देने वाले में नगर उंटारी प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, भवनाथपुर नंदलाल पाठक,सगमा देवचंद यादव,खरौंधी सुनीता कुमारी,केतार रामभजन गुप्ता धुरकी अरविंद यादव,गढ़वा योगेंद्र चौबे,रमुना मंसूर अंसारी, बिशुनपुरा शिवप्रसाद,नगर उंटारी बिससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे,वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी,इंटक नेता रामकृष चौबे,सुशील चौबे,ईश्वरी चौधरी,युवा नेता संतोष कुमार गुप्ता रोहित पांडेय सहित अन्य लोग का नाम शामिल हैं।

## फूड किंग रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**

बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड में रविवार को फूड किंग रेस्टोरेंट का उद्घाटन जीप सदस्य सन्तोषी शेखर के द्वारा फीता काट कर किया गया ।इस अवसर पर जीप सदस्य ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में लगातार खुल रहे व्यवसायिक प्रतिष्ठान जो बड़े शहरों में हुआ करते थे अब अपने शहर में भी होना विकास की ओर बढ़ते कदम के शुभ संकेत है आज हमारे प्रखंड क्षेत्र में भी युवा और व्यवसाई वर्ग नए प्रतिष्ठानों के माध्यम से खुद को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहे हैं जो काबिले तारीफ है । वही संचालक डॉ मंसूर आलम ने बताया की हमारे



प्रखंड क्षेत्र में लगातार ऐसे रेस्टोरेंट्स डिमांड कि जिसको देखते हुए खोला गया है ।यहाँ सभी तरह के फ़ास्ट फूड , चाइनीज़ खाने की उपलब्ध होगी साथ ही होम डिलीवरी की व्यवस्था की गई है । मौके पर बीस के अध्यक्ष नसीम अंसारी ,उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ,सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ,विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, पिंटू मुखिया, कालो देवी,व जितेंद्र सिंह, फ़ादर देवनिष कुजूर , फ़ादर फ्रेंकलिन , पूर्व मुखिया सुनीता टोप्पो , उप मुखिया ललिता देवी , हाजी नसीर ख़ान , सरदार सुरजीत सिंह , सुमित्रा देवी कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम ,राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, भाजपा नेता सुनील सिंह, मनोज जायसवाल, अवधेश मेहरा समेत कई लोग मौजूद थे।






दिनांक: 16-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## सांसद के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि की टीम पहुची पीड़ित परिवार के घर

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र मे शनिवार को चौथी कक्षा की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की चतरा लोकसभा सांसद सुनिल कुमार सिंह ने कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त की है ।श्री सिंह ने ट्वीट कर कहा है कि यह घटना अत्यंत विचलित करने वाली है ।उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रसाशन से मांग की है की अपराधियों की तत्काल गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से कठोर से कठोर सजा दिलाई जाय ।साथ ही जिला व स्थानीय प्रतिनिधि को पीड़ित परिवार को बुनियादी सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया है ।गौरतलब हो की सांसद संगठन के कार्य हेतु कर्नाटक दौरे पर है ।वहीँ सांसद के निर्देश पर जिला प्रतिनिधि की टीम जिसमे राजेंद्र यादव, संजीव आजाद,महेन्द्र प्रसाद समेत कई लोग गांव जाकर पीड़ित परिजनों से मुलाक़ात की और उन्हे हर सभव मदद एव न्याय दिलाने का आश्वाशन दिया। साथ ही तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की ।और स्थानीय पुलिस से मुलाक़ात कर हत्यारो की गिरफ्तारी की मांग की है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह के सौजन्य से किया गया पनशाला का शुभारंभ पनशाला से राहगीरों को मिलेगा राहत : हेमंत

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




श्री बंशीधर नगर : गोसाईबाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम गेट के समीप भीषण गर्मी को देखते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह के सौजन्य से पनशाला का शुभारंभ किया गया ।पनशाला का उदघाटन रजनीश मंगलम,श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व राहगीरों पानी पिलाकर किया। इस अवसर आश्रम के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि प्रचंड गर्मी में प्यासे राहगीरों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था सर्वेश्वरी समूह के सौजन्य से किया गया हैं। उन्होंने कहा कि पनशाला खुलने से इस भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत मिलेगा ।उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पूण्य का कार्य है उन्होंने लोगो से अपील किया कि आदमी के साथ- साथ पक्षियों के लिए भी दाना और पानी की व्यवस्था अपने घर के आसपास करें ।मौके पर चौंबर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर,अनुप निराला, वार्ड पार्षद रंजन कुमार छोटू,मंटू लाल,मनोज देव,पिंटू लाल,नागेंद्र राम,कमोद लाल,राजेंद्र यादव,शुभम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रमजान माह में खुदा की इबादत करने से बाकी महीनों से कई गुना ज्यादा नेकिया मिलती : तस्लीम खान

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



श्री बंशीधर नगर : पवित्र माह ए रमजान मुस्लिम धर्मलम्बियों के लिए रहमत बरकत व मगफिरत का महीना होता हैं। उक्त बातें नगर उंटारी के पूर्व सदर तस्लीम खान ने कही। उन्होंने कहा कि चांद दिखने के बाद पवित्र माह रमजान का शुरुआत हो जाती है इस माह में सभी मुसलमान रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह महीना रहमतों एवं बरकतों का महीना है। उन्होंने कहा कि पवित्र माह रमजान में खुदा की इबादत करने से बाकी महीनों से कई गुना ज्यादा नेकिया मिलती है। इस माह में जन्नत का दरवाजा खुल जाता है वही रमजान महीने में रोजा रखने से सबसे ज्यादा नेकिया मिलती है। उन्होंने कहा कि रोजा का मतलब सिर्फ भूखे प्यास से रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है यानी कि हर बुराई एवं गुनाह से दूर रख कर रखा गया रोजा अल्लाह कबूल करता है। उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देना का प्रतीक पाक महीना माह ए रमजान ना शरीफ रहमतों बरकतों की बारिश का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है।

## जलमीनार अधिष्ठापन के बाद भी कुछ वार्डो में वार्डवासियों को पर्याप्त पेयजल नही मिल पा रहा है : विजयालक्ष्मी देवी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



श्री बंशीधर नगर : नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र प्रेषित कर जिन वार्डो में सोलरयुक्त जलमीनार अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण हो चुका है,उसे प्रारम्भ कर वार्डवासियों को पेयजल की आपूर्ति कराने, जिन वार्डो में जलमीनार का कार्य पूर्ण नही हुआ है,उसे शीघ्र पूरा कराने तथा जहां जलमीनार से लोगो को पर्याप्त पेयजल नही मिल रहा है वहाँ टैंकर से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग किया है ।नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है कि सभी वार्डो में सोलरयुक्त जलमीनार का अधिष्ठापन किया गया है कुछ वार्डो में अभी निर्माण कार्य प्रारंभ है ।जलमीनार अधिष्ठापन के बाद भी कुछ वार्डो में वा. र्डवासियों को पर्याप्त पेयजल नही मिल पा रहा है,जिसकी शिकायत वाड. 'वासियों ने दूरभाष पर उनसे किया है उन्होंने कहा है कि भीषण गर्मी को देखते हुये जहाँ जल मीनार का अधिष्ठापन किया जा चुका है वहाँ लोगो को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय उन्होंने कहा है कि नगर प्रबन्धक व कनीय अभियंता द्वारा सभी वार्डो का निरीक्षण कराकर इस भीषण गर्मी में लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना चाहिये ताकि किसी वार्ड में पेयजल की समस्या उतपन्न नही हो।

## महुआडांड़ थाना के पास चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : आये दिन बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में विरसा चौंक, आदर्श नगर के समीप पुअनी कमर आलम के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों का वाहन नम्बर मोबाइल नंबर दर्ज किया गया। चेकिंग के दौरान अधिकतर वाहन चालकों के पास ड्राईविंग लाइसेंस नहीं था साथ ही उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगाया था। जांच के दौरान पुअनी कमर आलम ने बताया कि वाहन चेकिंग जैसे ही कम होता है चालक लापरवाही बरतना शुरू कर देते हैं, जुर्माना से हो सकता है कुछ सुधार हो इसलिए यह कदम उठाना जरूरी था। इस अभियान में जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## पर्यटन विभाग के अधीन हुवा दैहर का कमला माता मंदिर

### पत्रकार शशि शेखर का मेहनत लाया रंग, लगातार रहे प्रयासरत, पर्यटन विभाग से मिला मान्यता

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




ढाई हजार साल पूरानी ऐतिहासिक पुरातात्विक अवशेष समेटे दैहर का कमला माता मंदिर झारखंड सरकार के पर्यटन,कला और संस्कृति विभाग के मानचित्र पर आ गया है। झारखंड सरकार ने ऐतिहासिक मान्यता के इस पौराणिक अवशेष समेटे गांव में खुदाई से बरामद सातवीं सदी के कमला माता मंदिर को मान्यता देते हुए दैहर गांव के आ. सपास जगह जगह पर सरकारी सुचना बोर्ड लगाया है। अब दैहर का कमला माता मंदिर पर्यटन विभाग में अधीन हो गया है। चौपारण के दैहर, मानगढ, सोहरा और हथिंदर में ढाई हजार साल पूराने अवशेष, मुर्तियां स्पष्ट बिखरी पड़ी हैं। बौद्ध और सनातन धर्म के पांचवें से सातवें सदी के दर्जनों मुर्तियां हैं। पत्रकार शशि शेखर के आमंत्रण पर आये पुरात्तत्व विभाग, शांतिनिकेतन विश्वविद्यालय तथा विदेशों के इतिहासकारों ने स्पष्ट पाया कि अद्भुत सभ्यता बिखरी है जिसे सहेजने की जरूरत है। जीपीएस स्कैनिंग में जमीन के नीचे इन गांवों में बडे अवशेष मिले हैं। हथिंदर में आधा किमी इलाके में जमीन के नीचे बडा मलबा दबा होने का प्रमाण है। मानगढ, दैहर सोहरा में भी जमीन की भु मैपिंग की गई है। कमला माता मंदिर दैहर में दर्जनों मुर्तियां हैं। मुख्य प्रतिमा बौद्ध देवी मारीचि की है। सोहरा में समोखर माता मंदिर में बौद्ध देवी तारा की प्रतिमा है। दैहर में शिव पार्वती, ब्रह्मा, बिष्णु, गणपति की अद्भुत प्रतिमा है जो पाल काल के हैं। पत्रकार शशि शेखर पिछ्ले चौदह सालों से लगातार मुद्दों को उठा रहे थे। तत्क. ालीन उपायुक्त डा रवि शंकर शुक्ला के सहयोग और वर्तमान उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर आखिर कार सरकार ने दैहर कमला माता मंदिर को पर्यटन विभाग के मानचित्र पर ले आया। इसे लेकर दैहर पंचायत में काफी खुशी है। जानकारी हो कि वरिष्ठ पत्रकार शशि शेखर बीते पंद्रह सालों से इन इलाकों को लेकर लगातार मेहनत करते रहे हैं।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार